जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा-2/गोपनीय/ 2016/1605 **दिनांक : 31.08.2016**

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त शासकीय एवं अशासकीय सम्बद्व महाविद्यालय,
जीवजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

संशोधित
अति आवश्यक

विषय :- समस्त स्नातकोत्तर एम0ए0, एम0कॉम, एम0एस0सी,एम0एस0सी(होम साइंस) द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा जून 2016 हेतु आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक दिनांक 07.09.2016 तक अनिवार्य रूप से ऑनलाईन अपडेट करने वावत्‌।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, **समस्त स्नातकोत्तर एम0ए0, एम0कॉम, एम0एस0सी,एम0एस0सी(होम साइंस) द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा जून** 2016 की प्रायोगिक परीक्षा (नियमित/असंस्थागत/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी0) हेतु विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में **जून 2015 एवं दिसम्बर 2015** के लिये नियुक्त बाहृय परीक्षकों के द्वारा आपके महाविद्यालयों में जिन विषयों की परीक्षायें समपन्न कराई गई थी। उन्ही बाहृय परीक्षों को **जून 2016** की परीक्षाओं हेतु बाहृय परीक्षक नियुक्त किया जाता है। कृपया आप उक्त बाहृय परीक्षकों में से जो भी उपलब्ध हो उससे सम्पर्क कर शीघ्र परीक्षाऐं सम्पन्न कराने का कष्ट करें।

समस्त स्नातकोत्तर एम0ए0, एम0कॉम, एम0एस0सी,एम0एस0सी(होम साइंस) द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा जून 2016 के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक की परीक्षा सम्पन्न कराकर आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक के अंक विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर ऑनालाईन दिनांक **07.09.2016** तक अनिवार्य रूप से अपडेट करें, अपडेट किये गये अंकों की सूची की हार्ड कापी विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग में दिनांक **14.09.2016** तक अनिवार्य रूप से जमा करायें।

आपको यह भी ज्ञात होगा कि, आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक सभी नियमित/असंस्थागत/भूतपूर्व छात्रों के ऑनलाईन अपडेट किये जाने है। ए0टी0के0टी के परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑनलाइन अपडेट नहीं होते है। **केवल ऐसे ए0टी0के0टी0 परीक्षार्थी जिनको प्रायोगिक परीक्षा या आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में ए0टी0के0टी0 प्राप्त होती है। केवल उन्ही छात्रों को नवीन प्रायोगिक/आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट किये जाते है।**

आपको यह पुनः स्मरण कराया जाता है कि, आपके महाविद्यालय के लिये नियुक्त बाहृय परीक्षकों के नियुक्ति पत्र आपके महाविद्यालय की ई-मेल आई0डी0 पर विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में प्रेषित किये गये हैं।

विशेष :- समस्त प्राचार्य/विभागाध्यक्ष/समन्वयक गण यह सुनिश्चित करें कि जिन छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन /प्रायोगिक /प्रोजेक्ट में ए.टी.के.टी. आयी है उनके आंतरिक मूल्यांकन /प्रायोगिक /प्रोजेक्ट के अंक ऑनलाईन अपडेट किए जाने हैं इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा पोर्टल पर लिंक प्रारम्भ कर दी गयी है तथा हार्ड कॉपी निश्चित रूप से विश्वविद्यालय में जमा करायी जाना है एवं किसी छात्र के अंक ऑनलाईन अपडेट होने से शेष न रहें। अंक अपडेट नहीं होने पर छात्रों का परीक्षा परिणाम यदि प्रभावित होता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी प्राचार्य/विभागाध्यक्ष/समन्वयक गण की होगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. कुलपति महोदया के सचिव,जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजि सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।

उप कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)